भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1763
जिसका उत्तर 21 सितम्बर, 2020 को दिया जाना है।
30 भाद्रपद, 1942 (शक)

आधार कार्ड डेटा का लीक होना

1763. कुंवर दानिश अली :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हाल के दिनों में लगभग तेरह करोड़ लोगों का आधार कार्ड डेटा लीक हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या जिनके बैंक खातों के साथ आधार लिंक किए गए थे, उनके साथ धोखाधड़ी हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री संजय धोत्रे)

(क) और **(ख)** : भारतीय विशिष्टि पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के नोटिस में इस तरह की कोई घटना नहीं आई है।

(ग) : उपर्युक्त **(क)** और **(ख)** को ध्यान में रखते हुए कोई प्रश्न ही नहीं उठता है।

*****